**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2928**

**उत्तर देने की तारीखः 18.03.2025**

**पीएम-डीकेएसएचवाई के प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**2928. श्री हरीभाई पटेल:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2024 में हाशिए पर रहने वाले समुदायों के बीच कौशल विकास पर पीएम-डीकेएसएचवाई का विशेषकर मेहसाणा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में क्या प्रभाव पड़ा है;

(ख) पिछले एक वर्ष के दौरान ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नियोज्यता में सुधार लाने में पीएम-डीकेएसएचवाई प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा निभाई गई भूमिका का ब्यौरा क्या है;

(ग) बाजार की मांग को पूरा करने के लिए पिछले वर्ष के दौरान पीएम-डीकेएसएचवाई के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल किए गए नए कौशल क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले वर्षों की तुलना में 2024 में पीएम-डीकेएसएचवाई के तहत लाभार्थियों की संख्या का विस्तृत आंकड़ा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क):** पीएम-दक्ष योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे वर्ष 2020-21 में अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, विमुक्त और घुमंतू जनजातियों, सफाई कर्मचारियों और कचरा बीनने वालों को सूचीबद्ध प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से अब तक कुल 1,55,208 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वर्ष 2023-24 में मेहसाणा जिले में इस योजना के तहत किसी भी उम्मीदवार को प्रशिक्षित नहीं किया गया है। हालांकि, वर्ष 2022-23 के दौरान, मेहसाणा जिले में 60 लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

**(ख):** एक बार प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हो जाने पर, प्रशिक्षुओं का मूल्यांकन और प्रमाणन किया जाता है और प्रमाणित प्रशिक्षुओं को वेतन-रोजगार या स्व-रोजगार में नियुक्ति के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत, प्रमाणित प्रशिक्षुओं की उचित नियुक्ति के

लिए उद्योग भागीदारों के साथ गठजोड़ करना सूचीबद्ध प्रशिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा इस योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रमाणित प्रशिक्षुओं की नियुक्ति का विवरण प्रस्तुत किए जाने के पश्चात ही अंतिम किस्त जारी की जाती है।

**(ग):** पीएम-दक्ष योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण सूचीबद्ध प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा प्रदान किया जाता है, जो क्षेत्र में लक्षित समूहों के बीच विशिष्ट रोज़गार की मांग को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के एसआईडीएच (SIDH Portal) पोर्टल पर उपलब्ध किसी भी रोज़गार में प्रशिक्षण दे सकते हैं।

**(घ):** वर्ष 2021-22 और 2022-23 में पीएम-दक्ष योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या क्रमशः 42,002 और 33,021 है, जबकि वर्ष 2023-24 में लाभार्थियों की संख्या 80,185 है।

*****